>

Title: Need to sanction and expedite construction of bridges in Hamirpur-Chhattarpur and Devri dam-Banda sections of Kanpur-Sagar National Highway.

श्री राजनारायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ0प्र0) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर महोबा के अंतर्गत झांसी, मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग एवं कानपुर सागर राÂट्रीय राजमार्ग पर जो भी स्वीकृत निर्माण कार्य चलाए जा रहे हैं वे अत्यंत ही धीमी गति एंव उचित मानकों के अनुसार नहीं हो रहे हैं तथा उक्त मार्ग के शेÂष भाग को भी निर्माण हेतु तुंत स्वीकृत करने की आवश्यकता है।

सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि कृपया दोनों मार्गों पर भारी यातायात को देखते हुए उचित मानकों के अनुरूप शीघ्र निर्माण कराए जाने एवं मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत छूटे हुए कानपुर-सागर मार्ग में हमीरपुर से छतरपुर के बीच एवं देवरी बांध से बांदा के बीच पड़ने वाले सभी छोटे बड़े पुल-पुलियों के निर्माण हेतु शीघ्र स्वीकृति प्रदान कर निर्माण कराने हेतु आवश्यक निर्देश जारी करने का कष्ट करें।